नव भारत
1934 से

भारत सरकार
CBC 22201/13/0012/2627
अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

4+ करोड़ पक्के आवास, ज़्यादातर महिलाओं के नाम
35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन

## 10वीं-12वीं का शानदार परिणाम

# बेटियों ने किया टॉप

**73**.42 प्रतिशत रहा 10वीं की परीक्षा रिजल्ट

**76**.01 प्रतिशत रहा 12वीं परीक्षा का रिजल्ट

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 15 अप्रैल. मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी किए हैं. इस साल का परिणाम पिछले 16 वर्षों में सबसे शानदार रहा है. प्रदेश में एक बार फिर बेटियों ने अपना दबदबा कायम रखा है.**

10वीं की परीक्षा में लगभग 9 लाख 7 हजार छात्र शामिल हुए थे, जिनका कुल पास प्रतिशत 73.42 रहा. वहीं 12वीं की परीक्षा में करीब 7 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 76.01 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं. वहीं इस बार... ▶ शेष पेज 2 पर





प्रतिभा सोलंकी
कक्षा 10वीं टॉप



खुशी राय
कक्षा12वीं टॉप



चांदनी विश्वर्मा
कक्षा12वीं टॉप

**10वीं के टॉपर**
1. प्रतिभा सिंह सोलंकी, पन्ना - 499 अंक
2. अमेय गुप्ता और अक्षरा चौधरी (संयुक्त रूप से) - 498 अंक
3. हिमांशी (भोपाल)- 497 अंक

**12वीं के टॉपर**
1. खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा, भोपाल- 494 अंक
2. रिमझिम करोठिया, ग्वालियर- 491 अंक
3. अंकुर यादव - 489 अंक

### सीबीएसई बोर्ड 10वीं सेशन-1 का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली.** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी सीबीएसई ने 10वीं सेशन - 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है. लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99 प्रतिशत है, जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.95 प्रतिशत दर्ज किया है. ट्रांसजेंडर छात्रों ने भी इस बार 91.30 प्रतिशत रिजल्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया है. 99.75 प्रतिशत के साथ त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट बेस्ट रहा है. कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट results.cbse.nic.in और उमंग एप पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं. लगभग 25 लाख स्टूडेंट्स इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं की सेशन 1 परीक्षा में शामिल हुए हैं, जिनका रिजल्ट जारी किया गया है. उमंग और डिजिलॉकर सहित सभी सरकारी पोर्टल सक्रिय हो चुके हैं और एक फ्लैश संदेश के जरिए परिणामों की घोषणा की गई. छात्र अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी मार्कशीट और प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं.

### सीबीएसई में ये रहे प्रदेश में टॉपर

भोपाल रीजन में इस साल 10वीं की परीक्षा के लिए 1 लाख 15 हजार 889 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था. सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा के परिणामों में भोपाल की सान्वी झा ने भोपाल क्षेत्र से 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. भोपाल के सेज इंटरनेशनल स्कूल कोलार के छात्र आस्तिक पाठक ने सीबीएसई 10वीं में 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. वहीं सागर पब्लिक स्कूल की प्रांशी तिवारी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. श्याम खंडेलवाल- 97 प्रतिशत, प्रखर दुबे- 97 प्रतिशत, पुरंजय पराशर-96.8 प्रतिशत और इनाक्षी गुप्ता को 96 प्रतिशत अंक मिले हैं. शाजापुर के तनिष्क शर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं. वहीं भोपाल की नम्रता सक्सेना को 98.2 प्रतिशत मिले हैं.

## वंदे मातरम को लेकर दो महिला पार्षदों पर एफआईआर

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम बजट सत्र में वंदे मातरम के मुद्दे पर बुधवार को पुलिस ने दोनों पार्षदों पर एफआईआर दर्ज कर ली. इसके पूर्व पुलिस ने दो पार्षदों को अलग-अलग दिन बुलाकर बयान दर्ज किए है. इसके बाद प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. एमजी रोड पुलिस ने नगर निगम बजट बैठक में वंदे मातरम के मुद्दे पर मुस्लिम महिला पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल खान पर एफआईआर दर्ज कर ली है. फौजिया ने वंदे मातरम गाने को इस्लाम के विरुद्ध कहा था, वही रुबीना खान ने बहस में अपशब्दों का प्रयोग कर तुम्हारे बाप में दम हो तो वंदे मातरम बुलवा कर दिखाओ? चुनौती दी थी. उक्त मामले में भाजपा पार्षदों ने एमजी रोड थाने पर आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी. भाजपा पार्षदों के आवेदन पर पुलिस ने सोमवार को फौजिया शेख और मंगलवार को रुबीना खान के बयान लिए थे. एडीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पार्षदों के खिलाफ बीएनएस की धारा 196 (1) में एफआईआर दर्ज की गई है.

## अनुराग जैन सीएस का पद छोड़ेंगे, नीति आयोग जाएंगे

- प्रदेश में टॉप लेवल पर बड़ा प्रशासनिक बदलाव होगा
- डॉ. राजेश राजौरा हो सकते हैं नए मुख्य सचिव

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 15 अप्रैल. मप्र के प्रशासनिक गलियारों में अगले कुछ दिनों में बड़ा घटनाक्रम हो सकता है. प्रदेश के मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन पद छोड़ सकते हैं और दिल्ली की राह पकड़ सकते हैं. वे नीति आयोग में बतौर सदस्य नियुक्त किए जा सकते हैं. जैन के पद छोड़ने के बाद डॉ. राजेश राजौरा प्रदेश के मुख्य सचिव बन सकते हैं.**

मिले संकेतों के मुताबिक अनुराग जैन अगले कुछ दिनों में ही मौजूदा दायित्व से मुक्त हो सकते हैं. इस संबंध में उच्च स्तर



पर सहमति बन गई है. बताया जा रहा है जैन को इस संबंध में प्रस्ताव केंद्र सरकार की ओर से ही मिला है, जिसे उन्होंने स्वीकार भी कर लिया है. इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मौखिक सहमति दे दी है. अब केवल औपचारिकता बाकी है. दरअसल प्रदेश का मुख्य सचिव बनने से पहले अनुराग जैन केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी निभा चुके हैं, वे प्रधानमंत्री कार्यालय में लंबे समय तक रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की... ▶ शेष पेज 2 पर

### वित्त के विशेषज्ञ हैं अनुराग जैन

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन को वित्त से जुड़े विषयों का बड़ा जानकार माना जाता है. तत्कालीन कमलनाथ सरकार के समय वे एसीएस वित्त की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. यही वजह है कि उन्हें नीति आयोग में बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी है.

